# युवक-युवती परिचय सम्मेलन में पहुंचे समाज के लोग

## गुढ़ में आयोजित हुआ युवक-युवती परिचय सम्मेलन, दूरदराज से पहुंचे लोग, सुबह से शुरू हुआ पंजीयन

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 7 अप्रैल, गुढ़ नगर स्थित श्री भागवत पैलेस में अखिल भारतीय श्री खरे वैश्य समाज द्वारा आयोजित विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन में अभूतपूर्व उत्साह और जनसैलाब देखने को मिला. अपेक्षा से कई गुना अधिक संख्या में समाज के लोग कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे.**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी जिला रीवा के अध्यक्ष बीरेंद्र गुप्ता उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष तीरथ प्रसाद गुप्ता ने की. विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी केदार नाथ गुप्ता, नगर




परिषद अध्यक्ष बैकुंठपुर श्रीमती मीना गुप्ता, नगर परिषद अध्यक्ष मझौली शंकरलाल गुप्ता, नगर परिषद अध्यक्ष नईगढ़ी श्रीमती नागिता गुप्ता तथा सेवा निवृत्त उप पुलिस अधीक्षक रामराज गुप्ता उपस्थित रहे. आयोजन में लगभग 710 युवक एवं 96 युवतियों ने अपने अभिभावकों के साथ सहभागिता दर्ज कराई. मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष रूप से गरिमामय बना दिया. प्रतिभागियों का पंजीयन प्रात: 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया गया. आयोजन स्थल पर आगंतुकों के लिए स्वल्पाहार, भोजन एवं ठहरने की उत्कृष्ट व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी. परिचय सम्मेलन के दौरान मंच के माध्यम से युवक-युवतियों का परिचय समाज के समक्ष प्रस्तुत किया गया, साथ ही एलईडी स्क्रीन के जरिए उनका बायोडाटा भी प्रदर्शित किया गया. इस आधुनिक और व्यवस्थित व्यवस्था की उपस्थितजनों ने सराहना की. कार्यक्रम का संचालन समाज के राष्ट्रीय अंकेक्षक एवं जिलाध्यक्ष रीवा एड. अशोक कुमार गुप्ता तथा राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता द्वारा किया गया. इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव राजेश कुमार गुप्ता, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राम संजीवन गुप्ता, एडवोकेट सुरेश कुमार गुप्ता, जे.पी. गुप्ता एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता एडवोकेट अनंत कुमार गुप्ता सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने अपने विचार व्यक्त किए. राजेश कुमार गुप्ता गोविंदगढ़, रामसजीवन गुप्ता रीवा, एड सुरेश प्रसाद गुप्ता सतना, जय प्रताप गुप्ता सतना, जोखू लाल गुप्ता सीधी, श्रीमती साधना गुप्ता रीवा, अशोक गुप्ता रामनगर, प्रदीप कुमार गुप्ता मझौली, संजीव कुमार गुप्ता रीवा, एड अशोक कुमार मौजूद रहे.



# बरहटा रोड में घटिया सामग्री से हो रहा नाली का निर्माण

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 7 अप्रैल, मऊगंज नगर में घटिया नाली का निर्माण कार्य:बरहटा रोड मे चल रहा है जिसमें ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, रेत की जगह लगा रहा डस्ट व सीमेंट. जिसकी शिकायत वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष सुलेंद्र गुप्ता ने उच्च अधिकारियों से करते हुए तत्काल ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है.**

वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष मऊगंज सुलेद्र गुप्ता ने अपने द्वाराअधिकारियों से की गई शिकायत हवाला देते हुए बताया कि मऊगंज एमपीआरडीसी के जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत से निर्माण कार्यों में जमकर धांधली की जा रही है. नगर के वार्ड 05 एवं 02 के मध्य आदर्श स्कूल के पास सड़क के साथ ही नाली निर्माण कार्य किया जा रहा है. इस कार्य में जमकर मनमानी की जा रही है. स्थानीय लोगो का आरोप है कि जिसमे न तो सीमेंट की सही मात्रा डाली जा रही है और न ही गिट्टी की कोई माप है. यहां 10 एमएम से लेकर 20 एमएम तक गिट्टी का प्रयोग किया जा रहा है. रेत की जगह डस्ट का उपयोग अधिक हो रहा है. नियमानुसार 1:2:4 के हिसाब से सीमेंट, रेत और गिट्टी होना चाहिए जो नियम के विपरीत है, यदि ऐसे ही कार्य जारी रहा तो वह दिन दूर नहीं जब यह नाली भी बनते ही बिखर जाएगी और नगर के वार्डो के भीतर बनी सीसी रोड की जैसी उखड़ जाएगी. श्री गुप्ता ने मामले की जांच कराने की मांग की है.

# केशव लाल सिंह के निधन पर लोगो ने दी श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 7 अप्रैल, हनुमाना तहसील क्षेत्र के जाने-माने समाजसेवी तथा निष्पक्ष न्याय के पुरोधा माने जाने वाले तथा अपनी इसी निष्पक्ष व बेदाग छवि के कारण लगातार कई पंचवर्षीय तक अलावा गांव के सरपंच चुने जाने वाले केशव लाल सिंह के विगत दिवस निधन से जहां समूचे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है.**

उल्लेखनीय है कि 31 मार्च की रात्रि तकरीबन 10:30 बजे स्वर्गीय केशव लाल सिंह ने अपने अल्हवा खुर्द स्थित निवास पर अंतिम सांस ली थी. अंतिम संस्कार में पूर्व विधायक तथा प्रदेश कांग्रेस सचिव सुखेंद्र सिंह बन्ना, अवकाश प्राप्त मुख्य वन संरक्षक अजय पाल सिंह, संजय कुमार सिंह नेपाल सिंह मणिपाल



सिंह कृष्ण प्रताप सिंह मनीष सिंह विवेक सिंह मुकेश सिंह अभ्युदय सिंह, मनीराम तिवारी जय सिंह भगवती लाल सिंह वरिष्ठ भाजपा नेता वीरेंद्र बहादुर सिंहलोढी, ग्राम पंचायत मझिगवां सरपंच ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह,हाटा सरपंच महेंद्र प्रताप सिंह ग्राम अल्हवा नाउन आदि आसपास के लोग पहुंचे. घर पहुंच कर श्रद्धांजलि देने वालों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक डॉ रवि प्रताप द्विवेदी जिला संघ चालक रामाधार द्विवेदी भाजपा नेता मृगेंद्र प्रताप सिंह पत्रकार विकास परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता वैद्य संपति दासगुप्त, राजा रमेश प्रताप सिंह बिछरहटा शामिल है.

# गैस सिलेंडर बुकिंग और डिलीवरी में अंतर होने से उपभोक्ता परेशान : खरे

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 अप्रैल, समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने कहा कि एक तरफ पेट्रोल डीजल ईंधन गैस आपूर्ति पर केंद्र सरकार नियंत्रण का दावा कर रही है.**

दूसरी तरफ ईंधन गैस आपूर्ति में बड़े पैमाने पर अनियमितता देखने को मिल रही है. कालाबाजारिए आपदा में अवसर तलाश रहे हैं. गैस गोदामों पर अभी भी बुकिंग उपभोक्ताओं की लंबी-लंबी कतारें होम डिलीवरी में होने वाली देरी और मनमानी वसूली को जाहिर कर रहीं हैं. यह भी शिकायत है कि गैस बुकिंग के 20 दिन बाद भी लोगों को भरा सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है. कुछ मामलों में तो गैस बुकिंग के कुछ दिन बाद उसे कैंसिल कर दिया जा रहा है.

शिकायत करने पर बताया जाता है कि केवाईसी नहीं होने के कारण ऐसा किया गया. जब उपभोक्ता के द्वारा यह सवाल किया गया कि यदि केवाईसी नहीं है तो बुकिंग कैसे संभव तो फिर उससे कहा गया कि वह फिर से मिस कॉल करके नई बुकिंग कराए. जिससे लोग परेशान है.



मंगलवार को जनसुनवाई में शिकायत सुनते कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने 78 आवेदनों की सुनवाई की

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 7 अप्रैल, कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर संजय कुमार जैन ने 78 आवेदकों की सुनवाई की.**

उन्होंने प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को समाधानकारक कार्यवाही करने हेतु प्रेषित किया. जड़कुड़ निवासी ददई के सीमांकन व नक्शा तरमीम के आवेदन पर कलेक्टर ने तहसीलदार हनुमना को 7 दिवस में कार्यवाही करने के निर्देश दिये. पहिलपार निवासी तीरथ प्रसाद के राजस्व खसरे में सुधार के आवेदन पर एसडीएम मऊगंज को परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने, लवकुश विश्वकर्मा निवासी डिहिया के सहायता राशि प्रदान किये जाने के आवेदन पर तहसीलदार नईगढ़ी को परीक्षणों उपरांत कार्यवाही करने के निर्देश जनसुनवाई में दिये गये. लक्ष्मण प्रजापति नौढ़िया के नक्शा तरमीम के आवेदन पर नायब तहसीलदार देवतालाब को, रामाश्रय पटेल दुवगवां के शासकीय भूमि से कब्जा हटाकर रास्ता बहाल किये जाने के आवेदन पर तहसीलदार हनुमना को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया. इसी प्रकार चन्द्रशेखर वर्मा निवासी कनकेसरा के धान उपार्जन का भुगतान करने के आवेदन पर खाद्य अधिकारी को तथा अजय साकेत निवासी मिसिरगवां के सहायता राशि प्रदान किये जाने के आवेदन पर सीईओ जनपद मऊगंज को समाधानकारक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये. सुखवंत किशोर मिश्रा निवासी फूल द्वारा प्रस्तुत आवेदन में सचिव द्वारा साफ-सफाई के नाम पर राशि आहरण कर कार्य न कराने पर जांच के निर्देश दिये.

# स्प्रिकलर से सिंचाई के बताये गये लाभ

मऊगंज, 7 अप्रैल, कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले के बनपाडर ग्राम पंचायत के किसानों को नरवाई न जलाने की सलाह देते हुए इसके प्रबंधन की जानकारी से अवगत कराया गया. किसानों को बताया गया कि नरवाई जलाने से भूमि में पाये जाने वाले छोटे-छोटे जीव मर जाते हैं जो भूमि की उर्वरा के लिए उपयोगी होते हैं. इस लिए नरवाई नहीं जलानी चाहिए. किसानों को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत स्प्रिकलर से सिंचाई के विषय में जानकारी दी गयी.

# संकल्प से समाधान अभियान अन्तर्गत शत-प्रतिशत आवेदनों का हुआ निराकरण

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 7 अप्रैल, पशुपालन एवं डेयरी विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल ने संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा की.**

इस दौरान कलेक्टर संजय कुमार जैन ने बताया कि अभियान अन्तर्गत आयोजित 35 शिविरों में प्राप्त 48349 आवेदनों में से 47199 आवेदनों का निराकरण किया गया. प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिये कि शेष आवेदनों का दो दिवस में निराकरण किया जाना सुनिश्चित करें. प्रभारी मंत्री के निर्देश पर आज शेष आवेदनों का निराकरण कर दिया गया. इस प्रकार 48349 आवेदन निराकृत किये गये और अब शत-प्रतिशत आवेदनों का निराकरण हो गया है.

उल्लेखनीय है कि जिले में प्रथम चरण में 15 जनवरी से 15 फरवरी तक ग्राम पंचायत स्तर पर द्वितीय चरण में 16 फरवरी से 16 मार्च तक क्लस्टर स्तर पर तथा तृतीय चरण में 16 मार्च से 26 मार्च तक ब्लाक स्तर पर शिविर आयोजित किये गये. चतुर्थ चरण में 26 मार्च से 31 मार्च तक जिला स्तर पर शिविरों का आयोजन किया गया तथा प्राप्त आवेदनों पर समाधानकारक कार्यवाही की गई.

गत दिवस कलेक्ट्रेट में आयोजित समीक्षा बैठक में प्रभारी मंत्री ने हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किये. उन्होंने लाड़ली लक्ष्मी आकृति सेन, आरूही गुप्ता एवं रिया गुप्ता को हितलाभ वितरित किया. इसी क्रम में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की हितग्राही श्रीमती रक्षा केशरवानी को भी प्रभारी मंत्री ने हितलाभ वितरित किया. गत दिवस आयोजित बैठक में सांसद जनार्दन मिश्र, विधायक देवतालाब गिरीश गौतम, विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल, जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र मिश्रा सहित जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे.

# जल गंगा संवर्धन अभियान में विभिन्न गतिविधियाँ जारी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 अप्रैल, जल गंगा संवर्धन अभियान अन्तर्गत जिले में जल संरक्षण के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है.**

गतदिवस रायपुर कर्चुलियान में ड्राइंगशीट में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें विद्यार्थियों ने जल संरक्षण, जल संचयन एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित आकर्षक एवं प्रेरणादायक चित्र बनाये गये. प्रतिभागियों ने इसके माध्यम से जल है तो कल है का संदेश दिया. इसी क्रम में




शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायपुर सोनौरी, दुअरा, हायर सेकेण्डरी स्कूल लौआ, उमरी सहित बालक एवं बालिका छात्रावासों में पानी की टंकी की साफ-सफाई की गयी. जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सेमरिया अन्तर्गत ग्राम में जल स्त्रोत की सफाई एवं उसकी मरम्मत का कार्य जनभागीदारी से किया गया.



# मऊगंज में महिला सेवा दल की बैठक आयोजित, संगठन मजबूती पर दिया गया जोर

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 7 अप्रैल, मऊगंज में कांग्रेस महिला सेवा दल की प्रदेश अध्यक्षा संगीता काकरिया के आगमन पर रीवा संभागीय प्रभारी अरुणा तिवारी के नेतृत्व में तथा कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हरिलाल कोल की उपस्थिति में महिला सेवा दल की बैठक आयोजित की गई.**

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्षा संगीता काकरिया ने सेवा दल संगठन के दायित्व, उद्देश्य एवं कार्यनीति पर विस्तार से प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए कांग्रेस को मजबूत करने के लिए महिलाओं को सक्रिय भूमिका निभानी होगी. उन्होंने महात्मा गांधी के विचारों का अनुसरण करते हुए अहिंसात्मक तरीके से जनसंघर्ष और जनसेवा करने का आह्वान किया. उन्होंने पुरुष वर्ग को भी संबोधित करते हुए ज्योतिबा फुले को आदर्श मानने की बात कही. उन्होंने कहा कि जिस प्रकार ज्योतिबा फुले ने अपनी पत्नी को देश की पहली शिक्षिका के रूप में पहचान दिलाने में योगदान दिया, उसी प्रकार पुरुषों को भी अपने घर की महिलाओं को राजनीतिक भागीदारी के लिए आगे लाना चाहिए. उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी भले ही अभी कम दिखाई देती हो, लेकिन महिलाएं कमजोर नहीं हैं. प्रदेश अध्यक्षा ने भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का स्मरण करते हुए महिलाओं को नेतृत्व क्षमता विकसित करने और मजबूती से आगे बढने के लिए प्रेरित किया.इस अवसर पर संभागीय प्रभारी अरुणा तिवारी ने सेवा दल में अपनी भूमिका का उल्लेख करते हुए संगठन की प्रशंसा की और अनुशासन का महत्व बताया.


वहीं जिला अध्यक्ष हरिलाल कोल ने महिलाओं के साथ मजबूती से खड़े रहने का विश्वास दिलाया तथा सेवा दल के रवि मिलन और मासिक ध्वज बंधन जैसे कार्यक्रमों को पूरी मजबूती के साथ आयोजित करने का आश्वासन दिया. बैठक में मुख्य रूप से सीमा मिश्रा, तराना मकसूद खान, प्रभा सोहगौरा, शैलजा पांडे, रेशमा सोनी, अनीता भारती, पारुल शाहिद सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे.

# कमिश्नर ने आमजनता के आवेदन पत्रों पर की जनसुनवाई

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 अप्रैल, आमजनता के आवेदन पत्रों के निराकरण के लिए कमिश्नर कार्यालय सभागार में जनसुनवाई का आयोजन किया गया. कमिश्नर बीएस जामोद ने आमजनता के आवेदन पत्रों में सुनवाई की. कमिश्नर ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन पत्रों का सात दिवस में निराकरण करने के निर्देश दिए.**

जनसुनवाई में अवधेश पटेल द्वारा जमीन का सीमांकन कराने तथा नागेन्द्र तिवारी द्वारा बीपीएल



सूची में अवैध रूप से शामिल किए गए नामों को हटाने के लिए आवेदन दिया गया. सेवानिवृत्त शिक्षक महादेव सिंह ने लंबित पेंशन प्रकरण के निराकरण तथा सीताशरण ने जमीन से अवैध कब्जा हटाने के लिए आवेदन दिया. कमिश्नर ने संबंधित संभागीय अधिकारियों को आवेदन पत्रों का समुचित निराकरण कराने के निर्देश दिए. राम प्यारे ने जमीन के सीमांकन तथा बेदखली, विजयशंकर सिंह तथा सुखेन्द्र सिंह ने भी जमीन के सीमांकन के लिए आवेदन दिया. अनिल गुप्ता ने बाल सम्प्रेक्षण गृह में आपूर्ति की गई सामग्री के बिल के भुगतान तथा अखिलेश तिवारी ने रीवा नगर निगम के वार्ड क्रमांक 5 में साफ-सफाई एवं नाली निर्माण के लिए आवेदन दिया. जनसुनवाई में छात्रावास में प्रवेश, फीस प्रतिपूर्ति, पेंशन प्रकरण के निराकरण, उपचार सहायता तथा अन्य आवेदन पत्रों में सुनवाई की गई. जनसुनवाई में सभी संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे.

# परंपरागत खेती व नरवाई प्रबंधन के लिए किसानों को किया गया जागरूक

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 अप्रैल, किसान कल्याण वर्ष 2026-27 में किसानों को परंपरागत खेती व नरवाई प्रबंधन के लिए लगातार जागरूक किया जा रहा है.**

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देशन में कृषि विभाग द्वारा किसानों को परंपरागत बीज उत्पादन एवं संरक्षण, नरवाई प्रबंधन व स्वसहायता समूह की महिलाओं को प्रक्षेत्र दिवस पर जागरूक किया जा रहा है. गत दिनों दादर ग्राम पंचायत के किसानों को कृषि उत्पादन के साथ पशुपालन करने तथा प्राकृतिक खेती व नरवाई प्रबंधन के संबंध में जागरूक किया गया.उप संचालक कृषि यूपी बागरी से प्राप्त जानकारी के अनुसार किसानों को हैप्पी सीडर से बुवाई करने, सुपरसीडर से जोताई व बुवाई करने के साथ ही खाद डालने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गयी. किसानों को कृषि यंत्रों के क्रय के लिए पोर्टल पर आवेदन करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी.

# मनोज सिंह बन्ना बने करणी सेना के जिला अध्यक्ष

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 7 अप्रैल, मऊगंज जिले में मनोज सिंह बन्ना को करणी सेना का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है. करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरजपाल अम्मुजी कि सहमति से प्रदेश अध्यक्ष योगेंद्र सिंह डोडिया ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है, जिसमें प्रदेश संगठन महामंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और संभाग अध्यक्ष शहडोल विपेश सिंह चंदेल की अनुशंसा शामिल है.**



मनोज सिंह बन्ना ने कहा है कि वे संगठन की दिशा निर्देशों का पालन करते हुए समाज और संगठन की सेवा करेंगे. वे वरिष्ठ पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में काम करेंगे और समाज के हित में कार्य करेंगे. उन्होंने कहा कि वे समाज के लोगों की सेवा करने के लिए हमेशा तैयार रहेंगे और उनकी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करेंगे. मनोज सिंह बन्ना की नियुक्ति पर करणी सेवा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी है. उन्होंने कहा कि मनोज सिंह बन्ना की नेतृत्व में संगठन को मजबूती मिलेगी और समाज के लोगों को लाभ होगा.

मनोज सिंह बन्ना ने सभी से अपील की है कि वे संगठन के साथ मिलकर काम करें और समाज के हित में कार्य करें. उन्होंने कहा कि वे सभी के सहयोग और समर्थन से संगठन को आगे बढ़ाएंगे और समाज के लोगों की सेवा करेंगे.

# जनसुनवाई में फूटा शिक्षिका का दर्द, उत्पीड़न के गंभीर आरोप

## चितरंगी में शिक्षिका ने खोली पोल, शिक्षा विभाग पर उठे सवाल

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 7 अप्रैल। चितरंगी उपखंड में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई के दौरान एक शिक्षिका द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों ने शिक्षा विभाग और प्रशासनिक व्यवस्था को कठघरे में खड़ा कर दिया है।**

म.प्र. शासन द्वारा हर मंगलवार को आयोजित होने वाली यह जनसुनवाई आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए एक महत्वपूर्ण मंच मानी जाती है, लेकिन इस बार यह मंच एक चौंकाने वाली शिकायत का गवाह बना। संकुल केंद्र सुदा के अंतर्गत प्राथमिक शाला बगडेवा में पदस्थ शिक्षिका ने आवेदन देकर



आरोप लगाया कि संबंधित जन शिक्षक द्वारा उन्हें बार-बार कमरे में बुलाया जाता है और विरोध करने पर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है।

इस शिकायत ने न केवल कार्यस्थल पर महिला सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता पैदा की है, बल्कि यह भी उजागर किया है कि सरकारी संस्थानों में कार्यरत महिलाओं को किस तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए उपखंड अधिकारी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए निष्पक्ष जांच और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। यह घटना शिक्षा विभाग के भीतर कार्य वातावरण, महिला सम्मान और सुरक्षा व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े करती है।